## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 06.06.2024 (दोपहर–1310 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **नरेंद्र मोदी के नेता चुने जाने के बाद एनडीए ने तेज की सरकार बनाने की मुहिम, कल संसदीय दल की बैठक में तय होगी आगे की रणनीति।**
2. **विपक्ष में बैठेगा इंडी गठबंधन, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा–हम सही अवसर की तलाश में।**
3. **लोहरदगा में एएसआई की गोली मारकर हत्या करने वाला पुलिसकर्मी बारह घंटे बाद गिरफ्तार।**
4. **राज्यभर में मनाया जा रहा है वट सावित्री का त्योहार, वट वृक्ष की पूजाकर सुहागिनों ने की अखंड सौभाग्य की कामना।**
5. **भारतीय निशानेबाज सरबजोत सिंह ने म्यूनिख में चल रहे इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट्स फेडरेशन–आईएसएसएफ के फाइनल में बनाई जगह।**

*******************

लोकसभा चुनाव में बहुमत मिलने के बाद एनडीए ने सरकार बनाने की मुहिम तेज कर दी है। एनडीए के घटक दलों ने नरेंद्र मोदी को अपना नेता चुना है। कल होने वाली एनडीए संसदीय दल की बैठक में सरकार बनाने की रणनीति तय की जाएगी। माना जा रहा है कि नरेंद्र मोदी आठ जून को तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। इस समारोह के लिए भारत के पड़ोसी देशों के वरिष्ठ नेताओं को न्योता भेजा जाएगा। वहीं लोकसभा चुनाव में जीत के बाद दुनिया भर के कई बड़े नेताओं ने नरेंद्र मोदी को फोन कर बधाई दी है। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव के नतीजों में भाजपा को दो सौ चालीस सीटें मिली हैं। वहीं एनडीए ने बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया।

*******************

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा आज नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक कर रहे हैं। श्री नड्डा के आवास पर हो रही इस बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अन्य नेता मौजूद हैं। जनता दल यूनाइटेड के कई नेता भी दिल्ली में पार्टी अध्यक्ष और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास पर पहुंचे हैं। ये बैठकें एनडीए नेताओं द्वारा सर्वसम्मति से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नेता चुनने के एक दिन बाद हो रही हैं। वहीं कल नई दिल्ली में एनडीए गठबंधन में शामिल दलों के संसदीय दल की बैठक होने वाली है। इस बैठक में भाजपा, टीडीपी, जेडीयू, एलजेपी (आर), शिव सेना (शिंदे गुट), जेडी (एस) और अन्य सहयोगी दलों के नवनिर्वाचित सांसदों के शामिल होने की उम्मीद है।

*******************

इंडी गठबंधन ने विपक्ष में बैठने का निर्णय लिया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हम उचित अवसर की तलाष में हैं। उन्होंने कहा कि जनादेश नरेंद्र मोदी के खिलाफ है। यह मोदी के लिए भारी राजनैतिक क्षति और नैतिक हार है। इससे पहले महागठबंधन के घटक दलों ने चुनाव परिणाम आने के बाद रणनीति तय करने के लिए कल नई दिल्ली में बैठक की। यह बैठक कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के सरकारी आवास पर हुई। बैठक में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, झारखंड के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, कल्पना सोरेन के अलावा कई नेता शामिल हुए।

*******************

राज्य के मुख्य निर्वाचन आयुक्त के. रवि कुमार ने कहा है कि भारत निर्वाचन आयोग का निर्देश मिलते ही झारखंड में आदर्श आचार संहिता के निष्प्रभावी होने की घोषणा कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि पिछले दो लोकसभा चुनावों की अपेक्षा इस बार झारखंड में आचार संहिता उल्लंघन के कम मामले दर्ज किए गए हैं। 2014 के लोकसभा चुनाव में आचार संहिता उल्लंघन के तीन सौ अठारह मामले दर्ज किए गए थे। वहीं 2019 में यह संख्या एक सौ तिरानबे रही। जबकि 2024 के चुनाव में एक सौ एक मामले दर्ज किए गए। उन्होंने कहा कि यह जागरूकता अभियानों और मीडिया की सकारात्मक भूमिका के कारण संभव हुआ।

*******************

झारखंड लोक सेवा आयोग, जेपीएससी विश्वविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसरों की नियुक्ति की प्रक्रिया दस जून से शुरू करेगा। अंग्रेजी के चौंतीस पदों के लिए एक सौ छत्तीस अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र वेरिफिकेशन के लिए बुलाया गया है। अभ्यर्थी दस से बारह जून तक आयोग में सत्यापन करा सकते हैं। कागजात सत्यापन के बाद अभ्यर्थियों को इंटरव्यू के लिए बुलाया जाएगा।

*******************

सरायकेला–खरसावां जिले में बरसात से पूर्व मलेरिया, डायरिया एवं अन्य बीमारियों की रोकथाम को लेकर माइक्रो प्लान तैयार किया गया है।

*******************

लोहरदगा जिले में एएसआई धर्मेंद्र सिंह हत्याकांड के आरोपी पुलिसकर्मी अनंत सिंह मुंडा को करीब 12 घंटे की मशक्कत के बाद आज सुबह गिरफ्तार कर लिया गया। साथ ही एएसआई के शव को भी बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। बताया जाता है कि घटना के बाद पुलिसकर्मी ने खुद को कमरे में बंद कर लिया था। उस पर काबू पाने में जिला पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमा और पुलिस टीम को काफी मशक्कत करनी पड़ी। बताया जाता है कि लोकसभा चुनाव खत्म कराने के बाद वापस लौटे सिपाही अनंत मुंडा ने कल देर रात एएसआई धर्मेन्द्र सिंह को गोली मार दी थी।

*******************

रांची जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित पुरानी रांची में कल देर रात जमीन विवाद को लेकर जमकर मारपीट हुई। इस दौरान हुई फायरिंग में एक युवक को गोली लगी है, जिसका इलाज रिम्स में चल रहा है। मारपीट में कुछ अन्य लोग भी घायल हुए है। घटना के बाद से क्षेत्र में एहतियात के तौर पर पुलिस बल तैनात किया गया है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि मामले में दोनों पक्षों की ओर से थाने में लिखित आवेदन दिया गया है, जिस पर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

*******************

रांची जिले में बालू के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में कल शाम पुलिस ने जिले के बुढ़मू और ठाकुरगांव क्षेत्र में छापेमारी की। जिला खनन पदाधिकारी के नेतृत्व में हुई छापेमारी के दौरान बुढ़मू क्षेत्र में अवैध रूप से बालू ले जाते छह ट्रैक्टर और ठाकुरगांव में पांच ट्रैक्टरों को जब्त किया गया। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

*******************

देवघर जिले के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी विशाल सागर ने सभी सरकारी और निजी अस्पतालों में सुरक्षा मानकों का पालन करने का निर्देश दिया है। उन्होंने निर्देश जारी कर कहा है कि सभी अस्पतालों में फायर अलार्म, फायर स्मोक डिटेक्टर, फायर हाइड्रेंट सहित अग्निशमन प्रणालियां, अग्निशामक यंत्र, ऑक्सीजन टैंक या पाइप्ड ऑक्सीजन वाले क्षेत्रों में सुरक्षा के इंतजाम रखे जाएं और इनकी समय–समय पर विद्युत ऑडिट कराएं।

*******************

आज राज्यभर में महिलाओं द्वारा वट सावित्री व्रत का त्योहार श्रद्धापूर्वक मनाया जा रहा है। महिलाएं सुबह से ही वट वृक्ष के नीचे पूजा कर प्रसाद चढ़ा रही हैं। इसके अलावा एक–दूसरे को सिंदूरदान कर सौभाग्यवती बने रहने की शुभकामनाएं दे रही हैं। जमशेदपुर में इस अवसर पर शहर के विभिन्न वट वृक्षों के नीचे पंडित महिलाओं को वट सावित्री व्रत कथा सुना रहे हैं। वहीं पाकुड़ जिले में भी वट सावित्री पूजा भक्तिपूर्ण माहौल में की गयी। जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण इलाकों की हजारों सुहागिन महिलाओं ने वट वृक्ष की परिक्रमा करते हुए इसमें रक्षासूत्र बांधा।

*******************

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने देशभर के करीब पांच सौ स्कूलों की आंतरिक मूल्यांकन प्रक्रियाओं की समीक्षा करने का निर्देश दिया है। यह निर्देश उसने छात्रों के लिखित और प्रायोगिक अंक प्रतिशत में तुलनात्मक रूप से काफी भिन्नता को देखते हुए दिया है।

*******************

भारतीय निशानेबाज सरबजोत सिंह ने म्यूनिख में इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्टस फेडरेशन– आईएसएसएफ विश्व कप में पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल क्वालीफाईंग दौर में 588 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। इसके साथ ही उन्होंने फाइनल में जगह बना ली। रमिता और ईशा सिंह के बाद सरबजोत म्यूनिख विश्वकप में पदक राउंड तक पहुंचने वाले तीसरे भारतीय हैं। वे दोनों अपने–अपने एयर राइफल और एयर पिस्टल स्पर्धा में छठे स्थान पर रहे। वहीं पुरुषों की थ्री पोजीशन स्पर्धा में चौन सिंह, स्वप्निल कुसाले और ऐश्वर्या प्रताप सिंह तोमर ने भी अपना एलिमिनेशन राउंड जीत लिया।

*******समाप्त******